Indians living in U. K.

2833. SHRI JYOTIRMOY BOSU: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the condition of Indians in U.K. are far from satisfactory; and

(b) if so, the steps taken in the matter by the Government to have a proper understanding in order to safeguard the interests of Indians there?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE): (a) By and large Indians living in the U.K. are able to live and work in peace and without serious disability. Some of them may encounter certain prejudices such as discrimination on the basis of colour or difficulties in bringing their dependents into the country but it would not be correct to make a sweeping generalisation by describing their condition as "far from satisfactory".

(b) The Government of India keeps a close watch on the welfare of Indian citizens residing in the U.K. and takes appropriate action whenever necessary to try and safeguard their interests to the extent possible.

डाकघरों में चोरी और लूट की घटनायें

2834. **श्री हरगोबिन्द वर्मा** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष डाकघरो में चोरी और लूट की घटनाएं घटी हैं ;

(ख) यदि हां, तो उक्त डाकघरों के नाम क्या है जिनमें लूट और चोरी की घटनाएं घटी और कितनी कीमत का माल चोरी गया अथवा लूटा गया ? और

(ग) उक्त घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिये क्या कारंवाई की जा रही है ?

संचार मंत्री (श्री ब्रज लाल वर्मा) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे शीघ्र ही लोकसभा पटल पर रख दिया जायेगा ।

भारत में काम कर रहे अमरीका और रूस के सांस्कृतिक संगठन

2835. **श्री हुकम देव नारायण यादव** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीका और रुस के अनेक सांस्कृतिक संगठन भारत में कार्य कर रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो वे कौन कौन से है और वे जो खर्चा करते हैं वह किन साधनों से पूरा होता है तथा क्या वर्तमान मंत्रिमंडल के किसी सदस्य का उन संगठनों के साथ कभी कोई संबंध रहा है ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी बाजपेयी) : (क) और (ख). अमरीका और सोवियत संघ दोनों देशों के उनके भारत स्थिति राजनयिक एव कोंसली मिशनों से संबद्ध अपने अपने सास्कृतिक खंड है जिनके खच की व्यवस्था पूर्णत : उनकी अपनी-अपनी सरकारे करती हैं । सोवियत संघ का एक सोवियत सांस्कृतिक सदन (हाउस आफ सोवियत कल्चर) त्रिवेन्द्रम में भी है । उक्त शहर में चूकि कोई सोवियत कोंसली कार्यालय नहीं है, इसलिये, सरकार की नीति के अनुसार, उक्त सोवियत सांस्कृतिक सदन का प्रबंध भारतीय सास्कृतिक संबंध परिषद् द्वारा किया जाता है । इसके कार्य कलापों के लिये घन की व्यवस्था नई दिल्ली स्थित सोवियत राजदूतावास करता है।

जहां तक विदेश मंत्रालय को ज्ञात है वर्तमान मंत्रिमंडल के किसी भी सदस्य का त्रिवेन्द्रम स्थिति सोवियत सास्कृतिक सदन से कोई संबंध नहीं है ।